# सपाई से मारपीट पर सियासत गरमाई

## हंगामे के बाद कॉलेज के बाहर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, डीएम ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**झड़प**

तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली। रायबरेली के फिरोज गांधी कॉलेज परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) और समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं के बीच हुई हिंसक झड़प और पुलिस प्रशासन के साथ उपजे विवाद के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है। हालात को देखते हुए कॉलेज परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव ने आज जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चर्चा के बाद जिलाध्यक्ष ने




जानकारी दी कि जिला प्रशासन ने पूरे मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराने का भरोसा दिया है और तीन दिन के भीतर जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्टि नहीं हुई, तो कल से विधायकगणों और कार्यकर्ताओं के साथ कड़े कदम उठाए जाएंगे। एक दिन पहले एफजी कॉलेज में एबीवीपी के पदाधिकारियों और सपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष और नगर कोतवाल के बीच तीखी बहस और अपशब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया था। विवाद बढ़ने पर हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी और बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती की मौजूदगी में एसपी ऑफिस के बाहर जोरदार प्रदर्शन हुआ था। हालांकि, पुलिस ने लाठीचार्ज की खबरों का खंडन किया है, लेकिन सपा कार्यकर्ताओं में पुलिस के रवैए को लेकर भारी रोष है।

### छात्र सभा का सदस्यता अभियान जारी और तीखे आरोप



तमाम तनाव और विरोध प्रदर्शन के बावजूद आज समाजवादी छात्र सभा का सदस्यता अभियान जारी रहा। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने संवाददाता की टीम से बातचीत करते हुए एबीवीपी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एबीवीपी कार्यकर्ता जानबूझकर कार्यक्रम में व्यवधान डालने आए थे और पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए सपा की तहरीर पर कोई एक्शन नहीं लिया। विवाद और विरोध की संभावना को भांपते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अवनीश यादव सहित कई वरिष्ठ नेता भी रायबरेली पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है।

### बाराबंकी में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट

बाराबंकी। बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र के बरकतनगर गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। किसान आशीष कुमार ने मारपीट, गाली-गलौज और पथराव का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित किसान आशीष कुमार के अनुसार, उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या-1550 की पैमाइश (माप) के बाद मेड़बंदी की गई थी। आशीष का आरोप है कि माप के दौरान जमीन के कुछ हिस्से पर सभाजीत और उसके बेटों का कब्जा मिला था। आशीष ने बताया कि 17 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे वह अपनी जमीन पर पहुंचा था। उसी दौरान अजय, सतीश और अमरीश ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और पथराव करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान उसकी तरफ पटाखे भी फेंके गए। आरोप है कि झगड़े के दौरान आशीष को दोबारा जमीन पर आने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# शुक्लागंज में नए गंगा पुल के पिलर लगने शुरू

**2 माह में 6 पिलर बनेंगे, 2 साल में पुल बनाने की उम्मीद**

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में कानपुर और शुक्लागंज को जोड़ने वाले नए गंगा पुल का निर्माण अब शुक्लागंज छोर पर भी तेज हो गया है। लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार से मिश्रा कॉलोनी की तरफ पिलर पायलिंग का काम शुरू हो गया। गंगा किनारे निर्माण स्थल पर मशीन पहुंचने के बाद जमीन के अंदर पिलर की नींव बनाने का काम शुरू हुआ। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के अनुसार, अब इस हिस्से में निर्माण तेजी से कराया जाएगा। शुक्लागंज छोर पर छह पिलर की पायलिंग होनी है, जिसे करीब डेढ़ से दो महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। नए पुल का निर्माण इसी साल जनवरी में कानपुर छोर से शुरू हुआ था। जून तक कानपुर की तरफ पुल के लगभग आधे हिस्से में पिलर पायलिंग का काम तेजी से पूरा कर लिया गया था। इसके बाद शुक्लागंज छोर पर काम



शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन यहां जमीन खाली कराने में ज्यादा समय लग गया। पुल के रास्ते में करीब 40 मकान आ रहे थे। प्रभावित मकान मालिकों को मुआवजे की चेक देने के बाद मकानों को गिराने का काम शुरू हुआ। मकानों को हटाने के बाद भी निर्माण स्थल पर जमा मलबा पायलिंग के काम में रुकावट बन रहा था। अब जमीन साफ होने के बाद पायलिंग मशीन मौके पर पहुंची और काम शुरू हो सका। इससे पुल निर्माण के शुक्लागंज छोर पर भी काम में तेजी दिख रही है।

**फास्ट न्यूज**

### उन्नाव के बीघापुर में किशोरी ने लगाई फांसी

उन्नाव। उन्नाव के बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ठकपुरवा गांव में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

घटना के करीब आधे घंटे बाद गांव के ही एक किशोर ने घर में रखा कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे 100 शैय्या अस्पताल बीघापुर लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मौसम बदलते ही जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ी

उन्नाव। उन्नाव में मौसम बदलने के साथ ही जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। शुक्रवार सुबह एक हजार से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंचे। इनमें ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत लेकर आए थे। अचानक भीड़ बढ़ने से मरीजों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ा। शुक्रवार को सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की आवाजाही शुरू हो गई थी। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर लोगों की सेहत पर दिख रहा है।

### उन्नाव में रिक्शा चालक की हत्या

उन्नाव। उन्नाव की डूडा कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक बैटरी रिक्शा चालक का शव मिला। पुलिस ने शव की पहचान 42 साल के दीप नारायण पांडे के रूप में की। वह डूडा कॉलोनी के मकान संख्या 5/12 में रहते थे। शुरुआती जांच में घरेलू विवाद के चलते उनके भांजे पर हत्या का आरोप लगा है। पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे डूडा कॉलोनी में एक शव मिलने की जानकारी मिली।

# कंटेनर की टक्कर से ट्रक चालक की मौत

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हादसा, 4 साल पहले हुई थी शादी

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह देवखरी गांव के पास एक कंटेनर की टक्कर से ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान एटा जिले के हुलासी गांव निवासी 24 वर्षीय रजनेश कुमार पुत्र हैबरन सिंह के रूप में हुई है। रजनेश गाजियाबाद से माल लोड कर ले जा रहे थे। हादसे की खबर मिलने के बाद परिवार में दुख छा गया। रजनेश कुमार शुक्रवार सुबह ट्रक से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गुजर रहे थे। देवखरी गांव के पास एक्सप्रेसवे पर एक कंटेनर ने उनके ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रजनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल चालक



को इलाज के लिए भेजा, लेकिन उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हादसे की वजहों की जांच शुरू कर दी है। कंटेनर और ट्रक की स्थिति के साथ ही हादसे के समय दोनों वाहनों की रफ्तार और घटनाक्रम की जानकारी इकट्ठा की जा रही है। परिजनों ने बताया कि रजनेश कुमार की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। उनकी दो साल की एक बेटी है। रजनेश ट्रक चलाकर परिवार का गुजारा करते थे। शुक्रवार को हादसे की खबर मिलते ही परिजन परेशान हो गए।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में लगा मेडिकल कैंप

उन्नाव। उन्नाव के सदर तहसील क्षेत्र के परियर इलाके में बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की मांग पर शशांक शेखर सिंह ने शुक्रवार को कई गांवों का दौरा किया। इनमें जूड़ापुरवा, पनपथा, देवीपुरवा, कटरी और परियर शामिल थे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर बाढ़ के बाद पैदा हुई समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने जलभराव और गंदगी से बीमारियां फैलने की आशंका जताई थी और स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर शशांक शेखर सिंह ने प्रभावित इलाके में मेडिकल कैंप लगवाया। इस शिविर में 300 से ज्यादा ग्रामीणों की सेहत की जांच की गई। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को जरूरी स्वास्थ्य सलाह दी। जिन लोगों को दवाओं की जरूरत थी, उन्हें दवाएं भी दी गईं। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद भी कई जगह पानी भरा हुआ है और गंदगी है। इससे मच्छरों का खतरा बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका है।

# पिता की डांट से नाराज-छात्रा ने दी जान

## 11वीं की छात्रा ने फंदा लगाया, मोबाइल चलाने पर डांटा था

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई शहर कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल को लेकर पिता की डांट से नाराज कक्षा 11 की छात्रा ने कथित तौर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा शहर के एक प्रतिष्ठित बालिका इंटर कॉलेज में पढ़ती थी। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे छात्रा को मृत घोषित किया गया। शुक्रवार दोपहर 2 बजे शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव देखकर परिजन बिलख पड़े। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के शिकायती पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली

गुरुवार देर शाम जब श्यामू गुप्ता काम से लौटे और घर के अंदर जाकर बेटी वैष्णवी को आवाज लगाई, तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने कमरे की खिड़की से झांककर देखा, तो वैष्णवी दुपट्टे के फंदे से लटकी हुई थी। परिजनों ने तुरंत दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और जीवित होने की उम्मीद में मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव देखकर परिजन बिलख पड़े। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों के शिकायती पत्र और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### काम पर गए थे माता-पिता, घर में अकेली थी छात्रा

गुरुवार को श्यामू गुप्ता काम पर गए थे। उनकी पत्नी भी घर से बाहर काम करने गई थीं, जबकि छोटा बेटा घर के बाहर खेल रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले छात्रा ने मोबाइल का काफी ज्यादा इस्तेमाल किया था। इस पर पिता ने उसे डांटा था। इसी बात को लेकर किशोरी नाराज चल रही थी।

> **मिली जानकारी के अनुसार, बघौली थाना क्षेत्र के सारीपुर हीरापुर गांव निवासी श्यामू गुप्ता वर्तमान में हरदोई शहर की गुप्ता कॉलोनी में किराए के मकान में रहते हैं। वह शहर के एक फर्नीचर शोरूम में सेल्समैन हैं। उनकी पत्नी सोनी गुप्ता लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। दंपती मेहनत-मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे।**

# मंदिर में झाड़ू लगा रहे वृद्ध की करंट से मौत

## गुरुवार शाम आई आंधी में टूटकर गिरा था बिजली का तार

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां बिलसर हेलन गांव में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मंदिर परिसर में झाड़ू लगा रहे 80 वर्षीय रामबक्स की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा गुरुवार शाम आई तेज आंधी के दौरान बिजली का सपोर्टिंग तार टूटने के कारण हुआ। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को गांव में तेज आंधी और बारिश आई थी। इस दौरान मंदिर पर लगा बिजली का सपोर्टिंग तार टूटकर नीचे गिर गया था। बारिश के कारण किसी को यह अंदाजा नहीं था कि टूटे हुए तार में करंट आ रहा है।

शुक्रवार सुबह करीब सात बजे रामबक्स रोज की तरह मंदिर पहुंचे और साफ-सफाई करने लगे। मंदिर में झाड़ू लगाते समय उनका ध्यान



टूटे हुए तार पर नहीं गया। वह अचानक उसकी चपेट में आ गए। करंट इतना तेज था कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला और मौके पर ही उनकी जान चली गई। कुछ देर बाद ग्रामीण मैकूलाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने रामबक्स को जमीन पर बेसुध पड़ा देखा। मैकूलाल ने तुरंत रामबक्स के बेटे भैयालाल को हादसे की सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पचदेवरा थाने के दरोगा दिनेश पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की।

## आरोपी बोला- थाने गई तो परिवार को मार दूंगा, 3 महीने बाद दर्ज हुआ एफआईआर

# खेत जा रही विवाहिता से दुष्कर्म की कोशिश

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में खेत की ओर जा रही 25 वर्षीय विवाहिता के साथ दुष्कर्म के प्रयास और मारपीट का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी युवक ने उसे रास्ते में रोककर अश्लील हरकत की और विरोध करने पर जमीन पर गिराकर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने और विरोध करने पर आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला किया।महिला का दावा है कि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके ससुर के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। आरोप है कि घटना के दौरान महिला का मंगलसूत्र और नाक की कील भी




छीन ली गई। इसके बाद आरोपी ने तमंचा लहराते हुए धमकी दी कि पुलिस के पास जाने पर पूरे परिवार को खत्म कर देगा। पीड़िता के मुताबिक, घटना के बाद उसने थाने और उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

### विरोध करने पर रॉड से हमला, ससुर से भी मारपीट का दावा

पीड़िता के मुताबिक, उसने आरोपी का विरोध किया तो उसने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान महिला के ससुर मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की। आरोप है कि आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की। महिला ने दावा किया कि गांव की एक महिला ने पूरी घटना देखी थी। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने मारपीट और अभद्रता के दौरान उसका सोने का मंगलसूत्र और नाक की कील भी छीन ली।

इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद घटना के करीब तीन महीने बाद गुरुवार दोपहर 2:07 बजे शाहाबाद कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 76, 351(3), 115(2) और 352 के तहत केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अमरूद तोड़ने के लिए अपने खेत की ओर जा रही थी। रास्ते में वह आरोपी मुकेश (35) के खेत से होकर गुजर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान मुकेश ने उसे गालियां दीं और अश्लील हरकतें करने लगा।

### तमंचा दिखाकर परिवार को खत्म करने की धमकी का आरोप

महिला का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने तमंचा लहराकर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

उसने कथित तौर पर पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार को खत्म करने की बात कही। पीड़िता का कहना है कि इसी डर के बावजूद उसने थाने और अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़िता के अनुसार, जब थाने और उच्च अधिकारियों से शिकायत के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो उसने न्यायालय में वाद दायर किया। इसके बाद शाहाबाद कोतवाली में गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 76, 351(3), 115(2) और 352 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**निरीक्षण : हर काउंटर पर आवेदकों से की बातचीत ,पूछा- कोई दिक्कत तो नहीं**

# उन्नाव आरटीओ ऑफिस में अचानक पहुंचीं एआरटीओ

तमसा सकेंत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में शुक्रवार दोपहर एआरटीओ श्वेता वर्मा ने आरटीओ कार्यालय के सभी काउंटरों का अचानक निरीक्षण किया। वह हर काउंटर पर पहुंचीं और वहां काम कराने आए आवेदकों से सीधे बात की। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कोई बाहरी व्यक्ति नहीं मिला। अचानक हुई इस जांच से कर्मचारियों और आवेदकों में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल रहा। एआरटीओ ने आवेदकों से पूछा कि उन्हें अपना काम कराने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है और क्या वे खुद आवेदन संबंधी प्रक्रिया



पूरी कर रहे हैं। एआरटीओ श्वेता वर्मा ने बताया कि कार्यालय में समय-समय पर इस तरह का निरीक्षण किया जाता है। इसका मकसद यह देखना है कि आवेदक अपना काम खुद करा रहे हैं या किसी और की मदद ले रहे हैं। शुक्रवार को हुई जांच में सभी आवेदक अपना काम खुद कराते मिले। आवेदकों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया और मौके पर ही समाधान करने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की ज्यादातर सेवाएं ऑनलाइन और फेसलेस मोड में मिलती हैं। आवेदक घर बैठे भी कई सेवाओं का फायदा ले सकते हैं। ऑटो अप्रूवल की सुविधा से भी काम पूरा हो सकता है। कार्यालय आने की जरूरत होने पर आवेदक खुद संबंधित काउंटर पर जाकर अपना काम करा सकते हैं। किसी तरह की परेशानी होने पर एआरटीओ या आरआई से संपर्क करने को कहा गया। परिवहन विभाग की ओर से 14 से 19 सितंबर तक 'मिशन सेफ फ्यूचर 3.0' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य फोकस स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा और जरूरी अटेंडेंट के होने पर है। एआरटीओ ने बताया कि अब तक जांच टीमों ने करीब 70 स्कूली वाहनों की जांच की है। इनमें पांच वाहन अनफिट मिले हैं, जबकि कमी मिलने पर 45 वाहनों के चालान किए गए हैं। जांच के दौरान यह भी देखा जा रहा है कि स्कूली वाहनों में अटेंडेंट है या नहीं। जिन वाहनों में छात्राओं का आवागमन होता है, उनमें महिला अटेंडेंट की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। परिवहन विभाग की टीमें स्कूल प्रबंधकों और चालकों को भी नियमों के प्रति जागरूक कर रही हैं। अभियान में केवल अटेंडेंट की व्यवस्था ही नहीं, बल्कि स्कूली वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन पर भी जोर दिया जा रहा है। स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि चरित्र सत्यापन के बाद ही चालक से काम लिया जाए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश मोटर वाहन नियमावली-2019 के तहत प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय यान सुरक्षा समिति का गठन किया जाना है। समिति की साल में चार बैठकें होंगी। इसमें स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, अटेंडेंट, चालक का चरित्र सत्यापन और अन्य सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जाएगी। परिवहन विभाग की ओर से शिक्षा विभाग के सहयोग से सभी विद्यालयों में समितियों का शत-प्रतिशत गठन कराने पर जोर दिया जा रहा है।

# हरदोई में पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

## भैंस चराकर लौट रहा था 36 साल का युवक, लखनऊ में इलाज के दौरान तोड़ा दम

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जनपद के सांडी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। हरदोई मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने भैंस चराकर घर लौट रहे 36 साल के युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले सीएचसी फिर हरदोई मेडिकल कॉलेज और बाद में लखनऊ रेफर किया गया। गुरुवार देर रात करीब 12:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सांडी कस्बे के सरामुल्लागंज मोहल्ले का रहने वाला 36 साल का रिंकू (पुत्र भगवानदीन) गुरुवार देर शाम अपनी भैंसें चराकर घर लौट रहा था। हरदोई मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही एक



तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रिंकू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर लोग जमा हो गए। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को डायल 112 वाहन से पास की सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हरदोई मेडिकल कॉलेज में भी युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले गए, जहां गुरुवार देर रात करीब 12:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक रिंकू खेती का काम करके अपने परिवार का पेट पालता था। उसके परिवार में पत्नी बवली, एक बेटा और एक बेटी हैं। उनके सिर से पिता का साया उठ गया है। इस हादसे से पूरे मोहल्ले में दुख का माहौल है।

## लखीमपुर में लोगों ने चिल्लाकर कहा- ये क्या किया तो अपनी कनपटी में गोली मारकर जान दी

# घर के बाहर लड़की के भाई को गोली मारी

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को एक युवक को उसके घर के बाहर गोली मार दी गई। वारदात के बाद आरोपी ने खुद अपनी कनपटी पर भी गोली मारकर जान दे दी। आरोपी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। जिला अस्पताल में इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान इदरीश (38) और घायल की पहचान अखिलेश (33) के रूप में हुई। दोनों के घर आमने-सामने हैं। इदरीश ने 4 दिन पहले अखिलेश की बहन को किडनैप कर लिया था। अखिलेश ने उसके खिलाफ केस दर्ज कराया था। घटना

*सीओ निघासन शिवम कुमार ने बताया- 16 सितंबर को युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।*




**एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने बताया- दोनों पक्षों के बीच युवती को साथ ले जाने को लेकर विवाद की बात सामने आई है। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि दूसरा घायल है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच की जा रही है।**

जिला मुख्यालय से 47 किमी दूर पढ़ुआ क्षेत्र के दुलही गांव की है। पड़ोसियों के मुताबिक, इदरीश और अखिलेश की बहन के बीच दोस्ती थी। उनके अफेयर की भी चर्चा थी। लड़की के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने गुरुवार (17 सितंबर) को लड़की को बरामद कर लिया। हालांकि, पुलिस ने यह नहीं बताया कि लड़की कहां से मिली और उस समय इदरीश उसके साथ था।

### गांव वालों का आरोप- पुलिस की लापरवाही की वजह से वारदात

गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने अखिलेश की बहन के साथ इदरीश को भी बरामद कर लिया था। लड़की अपने घर नहीं जाना चाह रही थी। इस वजह से पुलिस ने उसे थाने में ही रोक लिया, जबकि इदरीश को छोड़ दिया। उनका कहना है कि लड़की के परिजनों ने इदरीश के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। ऐसे में उसे छोड़ना पुलिस की बड़ी लापरवाही है। अगर उसे नहीं छोड़ा गया होता तो न ही अखिलेश घायल होता और न ही इदरीश गोली मारकर अपनी जान देता।



*गांव वालों ने बताया कि अखिलेश के इदरीश और उसके भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद से ही दोनों परिवारों के बीच तनाव था। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे अखिलेश अपने घर के बाहर बैठकर मुंह धो रहा था। तभी इदरीश अपने घर से बाहर आया। दोनों के बीच गाली-गलौज और विवाद शुरू हो गया।*

### गोलीकांड में 7 साल जेल काट चुका था इदरीश

ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 15 साल पहले भी इदरीश का नाम एक गोलीकांड में सामने आया था। उस समय उस पर दो लोगों को गोली मारने का आरोप था। मामले में उसके खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उसे सात साल की सजा हुई थी। इदरीश करीब एक साल पहले सजा पूरी कर जेल से बाहर आया था। हालांकि, पुलिस मामले में ज्यादा कुछ कहने से बच रही है। जांच के बाद ही सच सामने आने की बात कह रही है।

## महिलाओं की रसोई अब बनेगी रोजगार का जरिया, प्रेमनगर में खुली प्रेरणा कैंटीन

### महावन बांगर में 'ब्रज उदय प्रेरणा कैंटीन' का शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा /महावन। गांव की महिलाओं के हुनर को रोजगार से जोड़ने की दिशा में महावन बांगर की ग्राम पंचायत ने नई पहल की है। प्रेमनगर में 'ब्रज उदय प्रेरणा कैंटीन' शुरू की गई है। इससे महिला समूहों को स्थानीय स्तर पर आजीविका का अवसर मिलने के साथ ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था मजबूत होगी। कैंटीन का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश एडवोकेट, विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश एडवोकेट और मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने वाली ऐसी पहलों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कैंटीन संचालन से जुड़े महिला समूहों के लिए यह आय का नया जरिया बनेगा। स्थानीय स्तर पर तैयार खाद्य सामग्री की बिक्री से समूहों को आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन कार्यक्रम में एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी, बीडीओ बलदेव नेहा रावत, तहसीलदार पवार, वीडीओ चिंटू कुमार कुन्तल, प्रशासक संजू देवी, एडीओ आरडी प्रेम सिंह, एडीओ पंचायत मुकेश कुमार समेत विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान मल्ल सिंह छौंकर, अजीत सिंह छौंकर, मंडल अध्यक्ष भूरी सिंह समेत क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। ग्राम पंचायत महावन बांगर की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में महिला समूहों की भागीदारी बढ़ाने के साथ आजीविका के स्थानीय अवसरों को मजबूत करना है।

**फास्ट न्यूज**

### बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह की शादी तय हुई

अलीगढ़। यूपी सरकार में मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पोते संदीप सिंह शादी करने जा रहे हैं। 14 नवंबर को अलीगढ़ में संदीप और उनके छोटे भाई सौरभ का तिलक होगा। नवंबर के आखिरी सप्ताह में दोनों भाई दिल्ली में एक साथ सात फेरे लेंगे। दोनों की दुल्हनें कौन हैं, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री संदीप की होने वाली दुल्हन अलीगढ़ के कारोबारी परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

### विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में युवाओं ने लिया हिस्सा

जौनपुर। जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' और 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2027' के तहत एक क्विज प्रतियोगिता और कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक आर्यभट्ट सभागार, राज्जू भैया संस्थान में हुआ। इसका आयोजन कुलपति प्रो. आर के सिंह के मार्गदर्शन में किया गया।

इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका बहुत अहम है।

### सपा का छात्र-नौजवान जागरूकता अभियान

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में समाजवादी पार्टी के PDA छात्र-नौजवान जागरूकता अभियान के अंतर्गत सुभद्र नाथ कन्या महाविद्यालय, सेवरा भरौली, बढ़नी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक एवं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष विष्णु उमर ने की।

# भारत-रूस शैक्षणिक सहयोग को नई गति

### ब्रिक्स मंच पर 'यूनिवर्सिटी ब्रिज' पर मंथन

तमसा संकेत, संवाददाता




साहिबाबाद। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अवसर पर रूस के मारी विश्वविद्यालय की ओर से भारत-रूस के बीच वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से ऑनलाइन राउंडटेबल का आयोजन किया गया। इसमें जीसीयू यूनिवर्सिटी, इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) और सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी समेत प्रमुख भारतीय शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राउंडटेबल में उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक शोध, नवाचार, अकादमिक मोबिलिटी और संस्थागत साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। मारी विश्वविद्यालय के रेक्टर ने दोनों देशों के विश्वविद्यालयों एवं अकादमिक समुदायों के बीच शिक्षा, शोध और ज्ञान-विनिमय को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इंदरप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने भारत-रूस शैक्षणिक संवाद को ठोस संस्थागत साझेदारी में बदलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रूसी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, संस्थागत एमओयू, संयुक्त कार्य समूहों के गठन, विद्यार्थी एवं फैकल्टी मोबिलिटी कार्यक्रम तथा संयुक्त शोध परियोजनाएं शुरू करने के सुझाव दिए।

## पंजाब से आया खरीदार बोला- सुबह से लाइन में लगा, तब नंबर आया, 2 प्रो मैक्स खरीदे

# नोएडा में आईफ़ोन-18 के लिए लंबी लाइन, मॉल में भीड़

तमसा संकेत, एजेंसी



नोएडा। भारत में आज से एपल के नए iPhone 18 Pro और Pro Max की बिक्री शुरू हो गई है। नोएडा में स्थित यूपी के इकलौते एपल स्टोर पर सुबह 6 बजे से ही खरीदारों की भीड़ जुटने लगी। 7 बजते-बजते वहां लंबी लाइन लग गई। पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड जैसे बॉर्डर स्टेट से लोग नया आईफोन लेने के लिए नोएडा पहुंच रहे हैं। लॉन्च का पहला दिन होने के कारण सेक्टर-18 स्थित DLF मॉल में बना एपल रिटेल स्टोर तय समय से पहले, यानी सुबह 8 बजे ही खोल दिया गया। स्टोर खुलते ही कर्मचारियों ने तालियां बजाकर ग्राहकों का स्वागत किया। लोगों को बारी-बारी से अंदर जाने दिया गया।

लोग आईफोन लेकर बाहर निकले तो नाचते-गाते नजर आए। सबसे पहले आईफोन लेकर बाहर आए युवक ने बताया- मैं पंजाब से आया हूं।

हमारे यहां अभी नए फोन की बिक्री शुरू नहीं हुई है, इसलिए मैं पहले दिल्ली गया था। वहां स्टोर पर बहुत ज्यादा भीड़ थी, तो मैंने कैब ली और सीधे नोएडा आ गया। मैं यहां सुबह 6 बजे ही पहुंच गया था और लाइन में सबसे पहला व्यक्ति था। मैंने दो iPhone 18 Pro Max खरीदे हैं।

### 1.64 लाख से शुरू है कीमत, अब तक की सबसे बड़ी बैटरी

iPhone 18 Pro की शुरुआती कीमत 1,64,900 रुपए रखी गई है। वहीं, iPhone 18 Pro Max की कीमत 1,79,900 रुपए से शुरू हो रही है। दोनों मॉडल अलग-अलग स्टोरेज वेरिएंट में उपलब्ध हैं। नए iPhone 18 Pro सीरीज को 4 रंगों ब्लैक, सिल्वर, ग्लेशियर और बरगंडी में उतारा गया है।

एपल ने 9 सितंबर को अपने पहले फोल्डेबल फोन के साथ आईफोन 18-प्रो, आईफोन 18-प्रो मैक्स भी लॉन्च किए थे। ये आईफोन के पहले प्रीमियम फोन हैं, जिनमें 48 मेगापिक्सल के तीन कैमरा दिए गए हैं। इनमें मेन कैमरा, टेलीफोटो कैमरा और अल्ट्रावाइड कैमरा है।

एपल ने दावा किया कि सिंगल चार्जिंग में 18 प्रो 24 घंटे और प्रो मैक्स 30 घंटे तक चलेगा। यह अब तक का सबसे ज्यादा बैटरी बैकअप है। फोन सिर्फ 15 मिनट में 50% चार्ज हो जाएगा।




# योगी सरकार के प्रयासों से यूपी के नौनिहालों की बढ़ रही कद-काठी

### प्रदेश के पांच साल से कम उम्र के बच्चों में नाटापन 8.2 प्रतिशत घटा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के नौनिहालों की सेहत और पोषण की तस्वीर में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है। प्रदेश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में नाटापन यानी उम्र के अनुपात में कम लंबाई की समस्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) में जहां प्रदेश में ऐसे बच्चों का प्रतिशत 39.7 था, वहीं एनएफएचस-6 में यह घटकर 31.5 प्रतिशत रह गया है। यानी करीब चार वर्षों में नाटेपन के मामलों में 8.2 प्रतिशत अंक की कमी दर्ज की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और विविध आबादी वाले राज्य में नाटेपन में कमी का उल्लेखनीय है क्योंकि बच्चे की लंबाई में होने वाला सुधार एक दिन में नहीं आता। यह लंबे समय तक बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और परिवार की देखभाल का परिणाम होता है।

एनएफएचएस-5 से एनएफएच-एस-6 के बीच नाटेपन के आंकड़ों में आई गिरावट इसलिए प्रदेश के बच्चों के स्वास्थ्य की बदलती तस्वीर का महत्वपूर्ण संकेत है।



प्रोफेसर शालिनी त्रिपाठी, केजीएमयू

### शुरुआती वर्षों में मिलने वाले पोषण की अहम भूमिका

प्रोफेसर ने बताया कि नाटेपन को बच्चों में लंबे समय तक रहने वाले कुपोषण का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। यह केवल बच्चे की लंबाई तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसके पीछे गर्भावस्था के दौरान मां का पोषण, जन्म के समय बच्चे की स्थिति, स्तनपान, छह माह बाद पूरक आहार, बार-बार होने वाले संक्रमण और शुरुआती वर्षों में मिलने वाले पोषण की अहम भूमिका होती है। ऐसे में आंकड़ों में आई गिरावट को बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के महत्वपूर्ण संकेतक के रूप में देखा जा सकता है। एनएफएचएस-5 में उत्तर प्रदेश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में नाटापन 39 .7 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

## निवेश प्रोत्साहन से लेकर एमएसएमई, ओडीओपी, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा तक की ताकत का होगा प्रदर्शन

# निवेश से निर्यात तक, एक मंच पर दिखेगा उत्तर प्रदेश का औद्योगिक सामर्थ्य

**योगी सरकार के औद्योगिक विजन को वैश्विक मंच देगा चौथा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी औद्योगिक एवं निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों को वैश्विक मंच देने की तैयारी तेज हो गई है। निवेश से निर्यात तक प्रदेश के औद्योगिक सामर्थ्य को एक मंच पर प्रदर्शित करने के लिए चौथे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2026 का आयोजन 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। ट्रेड शो में प्रदेश के विभिन्न विभागों, विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक क्षेत्रों, एमएसएमई, ओडीओपी उद्यमियों, निर्यातकों और सेवा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों की भागीदारी प्रस्तावित है। योगी सरकार के औद्योगिक विजन के अनुरूप आयोजित होने वाला यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, निवेश संभावनाओं, स्थानीय उत्पादों की विविधता और निर्यात क्षमता को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा। आयोजन में निवेश प्रोत्साहन, आधारभूत ढांचे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और सेवा क्षेत्रों को अलग-अलग हॉल में प्रदर्शित किया जाएगा। इससे निवेशकों, खरीदारों और उद्यमियों के बीच संवाद तथा कारोबारी साझेदारी के अवसर उपलब्ध होंगे। हॉल 4 में 'यूपी एट अ ग्लांस' के माध्यम से प्रदेश की समग्र औद्योगिक एवं विकास क्षमता को प्रदर्शित किया जाएगा। हॉल 5 में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### निवेश प्रोत्साहन से औद्योगिक विस्तार तक, एक मंच पर आएंगे प्रमुख संस्थान

चौथे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन संस्थानों की भागीदारी प्रस्तावित है। हॉल 1 में इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को स्थान दिया गया है। हॉल 3 में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा), नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की भागीदारी रहेगी।

### ओडीओपी और एमएसएमई की ताकत से वैश्विक बाजार तक पहुंच

*उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा स्थानीय उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए ट्रेड शो में एमएसएमई और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को विशेष स्थान दिया गया है। हॉल 9 में ओडीओपी के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा, जबकि हॉल 10 में नए उद्यमियों एवं एमएसएमई को स्थान दिया गया है। हॉल 11 में पशुपालन, मत्स्य, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जीआई उत्पाद, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा आयुष से जुड़े क्षेत्र शामिल होंगे। हॉल 12 में कृषि विभाग, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, खाद्य प्रसंस्करण, उद्यान, डेयरी विकास और चीनी उद्योग की भागीदारी प्रस्तावित है।*

# निर्यात क्लस्टर बनाकर आम का निर्यात बढ़ाने के मण्डलायुक्त ने दिये निर्देश

**मण्डल लखनऊ से कृषि निर्यात बढाने को हुआ मंथन मलिहाबादी दशहरी (जी0आई0 उत्पाद) को ओ0डी0ओ0पी0 में किया जायेगा शामिल**

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उ0प्र0 कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत गठित मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने लखनऊ में आम के निर्यात क्लस्टर का गठन कर आम निर्यात बढ़ाने हेतु कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से आम उत्पादन में निर्यात गुणवत्ता के आम का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले उपायों की एस0ओ0पी0 बनाकर आम उत्पादकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता बतायी साथ ही सफल निर्यात की 'सक्सेस स्टोरी' बनाकर हितधारकों को प्रोत्साहित किया जाना अपेक्षित किया गया।

आयातक देशों के मानकों के अनुसार पेस्टीसाइड रेजीड्यू (Pesticide residue) अनुपालन के लिए कृषि उत्पादकों को आई0पी0एम0 (Intrigated Pest Management) का प्रशिक्षण दिलाये जाने, उन्नाव में पैक हाउस बनवानें की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।मण्डलायुक्त द्वारा मलिहाबादी दशहरी आम को ओ0डी0ओ0पी० में सम्मिलित करने हेतु एम0एस0एम0ई0 विभाग से समन्वय कर कार्यवाही के निर्देश दिये। चिब, पी0क्यू0एस0 लखनऊ, वनस्पति संरक्षण संगरोध एवं संग्रह निदेशालय, लखनऊ, डा0 अखिलेश कुमार दुबे, अध्यक्ष/ वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, डा0 अजय कुमार कनौजिया, अपर निदेशक, पशुपालन, श्री विनीत कुमार पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, सुश्री सृष्टि यादव उप निदेशक, मत्स्य आदि उपस्थित रहें।

# 11 हजार वोल्ट की चपेट में आए तीन मजदूर, मौत

### बोरिंग के दौरान रस्सा हाईटेंशन लाइन से टकराया, दो की मौके पर मौत

तमसा संकेत, संवाददाता

शेरगढ़। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के गांव स्यारहा में गुरुवार शाम बोरिंग का काम करते समय 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर आक्रोश जताया। जानकारी के अनुसार स्यारहा में मोहन पुत्र ओमप्रकाश के घर बोरिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान बोरिंग निकालते समय रस्सा ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन से टकरा गया। तेज विद्युत करंट की चपेट में आने से मोहन पुत्र कुमरू (45) निवासी गांगरौली और मोहन पुत्र ओमप्रकाश (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सुल्तान पुत्र मनोहर (35), निवासी गांगरौली ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि करंट दौड़ने के तत्काल बाद बिजली विभाग के जेई भगवान सिंह और दलौता बिजलीघर पर फोन किए गए, लेकिन फोन नहीं उठाया गया। इसके बाद ग्रामीण स्वयं बिजलीघर पहुंचे और लाइन बंद कराई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद हो जाती तो शायद जानें बचाई जा सकती थीं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय किशोर सेही और चौकी प्रभारी सूरज तेवतिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हादसे की सूचना फैलते ही गांगरौली, दलौता, काजरोठ, स्यारहा समेत आसपास के गांवों के लोग मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक कोई उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर ठोस आश्वासन नहीं देता, तब तक तीनों शव नहीं उठने दिए जाएंगे। मृतक मोहन पुत्र ओमप्रकाश के परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं।

# लग्जरी सफारी से गांजा तस्करी, दो लोग गिरफ्तार

### 12.750 किलो गांजा, तीन मोबाइल व सफारी समेत करीब 30 लाख का माल बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। नगराम पुलिस ने लग्जरी गाड़ियों से गांजा तस्करी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 12.750 किलोग्राम अवैध गांजा, तीन मोबाइल फोन, पीली धातु की चेन, 3,100 रुपये नकद तथा तस्करी में प्रयुक्त टाटा सफारी बरामद की है। पुलिस के अनुसार बरामदगी की कुल अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है। पुलिस के मुताबिक 17 सितंबर को नगराम पुलिस टीम नगराम-गंगागंज मार्ग स्थित शिवपुरा मोड़ पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान काले रंग की टाटा सफारी संख्या यूपी32ईएल8000 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन के अंदर एक बोरी में 12.750 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से सचिन सिंह निवासी बाराबंकी, हाल पता गोसाईंगंज और सत्यम सिंह निवासी तमोरिया, नगराम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनका गिरोह लखनऊ और आसपास के जिलों में गांजा सप्लाई करता है। उनके अनुसार गांजे की खेप गोंडा के जरवल व आसपास के क्षेत्रों से उपलब्ध कराई जाती थी। इसके बाद 10 से 15 किलो गांजा सफारी में छिपाकर लाया जाता था और लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में गिरोह के अन्य सदस्यों को करीब दो-दो किलो की मात्रा में दिया जाता था। गिरोह के सदस्य इसकी छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बिक्री करते थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने यह भी बताया कि तस्करी से होने वाली कमाई से महंगे मोबाइल, सोने की चेन और वाहन खरीदा गया था।

मामले में थाना नगराम में मुकदमा संख्या 141/2026 के तहत धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 1 हजार प्रदर्शनकारी ट्रैक्टर से निकले, पुलिस ने बैरियर लगाकर रोका

# यूजीसी रोल बैक को लेकर प्रदर्शन में पुलिस और युवाओं में झड़प



प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए तैनात फोर्स।

## नोकझोंक

तमसा यसंकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र के संवई गांव में UGC के विरोध में शुक्रवार को करीब एक हजार युवा सड़क पर उतर आए। युवा ट्रैक्टरों से आगरा कलेक्ट्रेट जाने के लिए निकले थे, लेकिन गांव से करीब 200 मीटर आगे पुलिस और PAC ने बैरियर लगाकर उन्हें रोक दिया। कलेक्ट्रेट जाने की जिद पर अड़े प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच पहले नोकझोंक हुई, फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गांव की



तरफ खदेड़ दिया। दोपहर तक दोनों पक्ष आमने-सामने डटे रहे। आगरा के एत्मादपुर क्षेत्र के गांव संवई में लगभग एक हजार युवा UGC रोल बैक को लेकर गांव के बाहर सड़क पर आ गए। वे ट्रैक्टरों से आगरा कलेक्ट्रेट जा रहे थे। मगर, आगरा की तरफ आने वाली सड़क पर पहले से मौजूद पुलिस और पीएसी ने उन्हें रोक दिया।

## पुलिस ने दौड़ाए प्रदर्शनकारी

जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया तो दोनों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। ये देखकर फोर्स एक्टिव हो गया और युवाओं को गांव की तरफ दौड़ा दिया। काफी देर तक खदेड़ने के बाद पुलिसकर्मी बैरियर पर लौट आए। इधर, एक फिर से एकजुट हो रहे हैं।

## कालिंदी विहार में लगाया जाम

UGC रोल बैक को लेकर कालिंदी विहार में भी सवर्ण समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। कालिंदी विहार रोड पर जाम लगा दिया।

UGC रोल बैक को लेकर नारेबाजी की।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने लगभग डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाया।

## रास्तों पर बैरियर

*पुलिस ने आंवलखेड़ा और बरहन की तरफ से आगरा की ओर आने वाले मार्गों को बैरियर लगाकर रोक दिया। एत्मादपुर, कुबेरपुर, रामबाग समेत प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर कई किसान नेताओं को घरों में ही हाउस अरेस्ट कर दिया है। जगह-जगह फोर्स तैनात है। डीसीपी वेस्ट आदित्य कुमार भी मौके पर पहुंच गए हैं। इधर, प्रदर्शनकारियों के ट्रैक्टर भी सड़क किनारे खड़े हैं।*

**66 गांव से लगभग 200 मीटर ही आगे बढ़ पाए थे। पुलिस ने यहां बैरीकैडिंग और क्रेन लगाकर रास्ते को रोक दिया था। आगे न बढ़ने देने पर पहले तो युवाओं की पुलिस से नोकझोंक हुई। इस बीच तीखी झड़प हो गई।**

# किशोरों के उज्ज्वल भविष्य के लिए न्यायपालिका की पहल

### जनपद न्यायाधीश ने सम्प्रेक्षण गृह में भेंट किए कंप्यूटर

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। किशोरों के पुनर्वास और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए न्यायपालिका ने पहल की है। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का भ्रमण कर DONER & GYROS के सहयोग से वहां आवासित किशोरों के लिए पांच डेस्कटॉप कंप्यूटर सिस्टम भेंट किए। इन कंप्यूटरों के जरिए किशोरों को नियमित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि सम्प्रेक्षण गृह में आवासित बालकों को सकारात्मक दिशा देना शासन और न्यायपालिका की संयुक्त प्राथमिकता है। कंप्यूटर प्रशिक्षण से किशोर आधुनिक सूचना तकनीक और रोजगारोन्मुखी ज्ञान से जुड़ सकेंगे। इससे उनके सामाजिक पुनर्वास और रिहाई के बाद आत्मनिर्भर बनने के अवसर बढ़ेंगे। निरीक्षण के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने सम्प्रेक्षण गृह की आवास व्यवस्था, भोजनालय और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।

व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता सिंह ने किशोरों के विधिक अधिकारों और सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए नियमित प्रशिक्षण सत्र संचालित करने पर जोर दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि कंप्यूटर उपलब्ध होने के बाद किशोरों के लिए सुव्यवस्थित कंप्यूटर शिक्षा कक्षाएं शीघ्र शुरू की जाएंगी।

## फास्ट न्यूज

### सड़क पर महिला और उसकी मां को पीटा

आगरा। आगरा के एकता थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान महिला और उसकी मां से सड़क पर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई की।

महिला और उसकी मां का मेडिकल कराने के बाद उसकी तहरीर पर पति और ननदोई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मुरादाबाद में पकड़ा गया 17वां तेंदुआ

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिले में तेंदुओं के आतंक के पीछे 17 वां तेंदुआ पिंजड़े में कैद हुआ है। बीते डेढ़ महीने की बात करें तो अभी तक तेंदुओं के हमलों में 3 महिलाओं समेत 4 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। जबकि 30 से अधिक किसान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीन दिन पहले तेंदुए ने कांठ के भरतपुर गांव में जंगल में घास काटने गई महिला निर्देश देवी को हमला करके घायल कर दिया था। तेंदुओं के लगातार होते हमलों से वन विभाग के अधिकारी भी हलकान हैं। तेंदुओं को पकड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### बोरिंग का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकराया-3 की मौत

मथुरा। मथुरा में सबमर्सिबल के लिए बोरिंग करते समय बड़ा हादसा हो गया। बोरिंग मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गई। मशीन में करंट उतरने से दो मजदूरों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना शेरगढ़ थाना क्षेत्र के सियारा गांव में गुरुवार शाम पांच बजे हुई। हादसे की सूचना मिलते ही शेरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की कोशिश की।

# भैंस चोर पहुंचे जेल पुलिस का किया सम्मान



### ✦ बिसावली के ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी समेत पुलिस टीम को पगड़ी-पटुका पहनाकर किया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बिचपुरी चौकी क्षेत्र में भैंस चोरी का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजने पर ग्राम बिसावली के ग्रामीणों ने पुलिस टीम का जोरदार स्वागत किया। पुलिस ने चोरी गई भैंस और पड़िया बरामद कर आरोपियों को संबंधित धाराओं में जेल भेजा था। ग्राम प्रधान चंद्रवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी कुशल पाल सिंह और पुलिसकर्मियों को पगड़ी व पटुका पहनाकर सम्मानित किया। स्मृति चिह्न भेंट करने के साथ मिठाई खिलाई गई। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान होशियार सिंह, जुगेंद्र सिंह, नेतरपाल, श्यामवीर सिंह, जगवीर सिंह और जीतू चौधरी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपा में घमासान, आपसी कलह में उलझे नेता

## आगरा में एक-दूसरे पर उत्पीड़न के आरोप लगा रहे, वरिष्ठ नेताओं ने दूरी बनाई

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। यूपी 2027 विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी में इन दिनों घमासान मचा हुआ है। पार्टी पदाधिकारी एक-दूसरे की टांग खिंचाई में लगे हैं। एक-दूसरे पर उत्पीड़न और प्रताड़ना के आरोप लगा रहे हैं। 3 दिनों में 3 पदाधिकारियों के इस्तीफे हो चुके हैं। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दूरी बना ली है। पार्टी में ही खेमेबाजी शुरू हो गई है। अंदरूनी कलह अब सावर्जनिक हो गई है। खुलेआम एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सपा की महानगर टीम में शामिल दो उपाध्यक्ष जमील खान और नासिर उर्फ रोहित ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दोनों ने पार्टी महिला नेता मोनिका नाज खान पर उत्पीड़न, प्रताड़ना और धमकाने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं,



इस्तीफा देने वाले इन दोनों नेताओं ने महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास को भी कटघरे में खड़ा किया। इनका कहना था, पूरा मामला संज्ञान में लाने के बाद महानगर अध्यक्ष ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया। ऐसे में वे निराश होकर पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। पार्टी में कलह का आलम यह है कि जिन दो उपाध्यक्षों ने मोनिका नाज खान पर उत्पीड़न, प्रताड़ना का आरोप लगाकर अपने पद से इस्तीफा दिया है, उन्हीं मोनिका नाज खान ने दो दिन पहले यानि सपा अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय सचिव पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास और उनकी टीम पर उत्पीड़न, प्रताड़ना का आरोप लगाया था। सपा अलपसंख्यक सभा की राष्ट्रीय सचिव मोनिका नाज खान का 15 सितंबर को सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ था। इसमें उन्होंने महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सुसाइड करने की धमकी दी थी। इसमें उन्होंने कहा था, वह लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में ऐसा कदम उठाएंगी। वीडियो में वह फूट-फूटकर रोती हुई नजर आ रही हैं और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से न्याय की गुहार लगाई थी।

मोनिका नाज खान ने महानगर टीम पर ये भी आरोप थे, जिस तरह से मेरे के खिलाफ अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया गया, मैं चाहती हूं कि महानगर अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई हो। अगर, पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव मेरे मामले का संज्ञान नहीं लेते हैं, महानगर अध्यक्ष को हिदायत नहीं देते हैं तो मैं जरूर सुसाइड कर लूंगी। मोनिका नाज के इस्तीफा देने के दो दिन बाद यानि गुरुवार को सपा महानगर उपाध्यक्ष पद से जमील खान और नासिर उर्फ रोहित ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका आरोप था कि मोनिका नाज इनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रही हैं। उन्हें और उनके परिजनों को धमकी भी दी जा रही हैं। ऐसी स्थिति में वे अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। जमीन खान ने कहा था।

### महानगर अध्यक्ष ने बनाई दूरी

इस पूरे प्रकरण से महानगर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास ने दूरी बना ली है। उनका कहना है, तीनों का उन्हें पूरा प्रकरण नहीं पता है। आपस में उलझ रहे हैं। मामला वरिष्ठ नेताओं तक पहुंच गया है, वहीं से कोई फैसला होगा।



## फर्जी बिल-बिल्टी से जीएसटी चोरी की कोशिश, 5 पर एफआईआर

# आगरा से स्क्रैप लोड किया, कागज झारखंड के दिखाए

तमसा संकेत, एजेंसी

एरा। आगरा में जीएसटी चोरी का बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। राज्य कर विभाग की सचल टीम ने बिना ई-वे बिल के 12 मीट्रिक टन स्क्रैप लेकर अलीगढ़ जा रहे ट्रक को पकड़ा। जांच में ट्रक के बिल और बिल्टी फर्जी निकले। चालक झारखंड की फर्म के दस्तावेज दिखाकर टीम को गुमराह कर रहा था। जांच में सामने आया कि ट्रक झारखंड गया ही नहीं था, जबकि कागजों में माल दुमका से अलीगढ़ भेजा जाना दिखाया गया था। मामले में तीन फर्मों, वाहन स्वामी और चालक समेत पांच लोगों के खिलाफ थाना नई की मंडी में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। सहायक आयुक्त राज्य कर सचल दल वीरेंद्र लाल ने डीसीपी सिटी को दी शिकायत में बताया कि 18 अगस्त की रात 11:35 बजे रामबाग चौराहे पर ट्रक को रोका गया।

***पूछताछ में हाथरस निवासी चालक सलमान ने झारखंड की जय माता दी ट्रेडर्स की बिल्टी दिखाई। दस्तावेजों में माल गाजियाबाद की तनिष्क ट्रांसपोर्ट कंपनी के जरिए दुमका से अलीगढ़ ले जाना दर्शाया गया था। माल की कीमत 2 लाख 16 हजार 383 रुपये दर्ज थी।***




### जीएसटी प्रोफाइल में भी गड़बड़ी मिली

*विभाग ने जय माता दी ट्रेडर्स की जीएसटी प्रोफाइल की जांच की तो फर्म के लेनदेन में भी विसंगतियां मिलीं। फर्म ने 27 दिसंबर 2025 को जीएसटी पंजीकरण कराया था। जीएसटीआर-2ए में खरीद शून्य थी और स्टॉक भी नहीं मिला।*


*विभाग के मुताबिक मई-जून 2026 में फर्म ने सिर्फ 13 हजार रुपये की बिक्री दिखाई, जबकि करीब 1.83 लाख रुपये का स्क्रैप बेचने का मामला सामने आया। विभाग ने इसे कर चोरी की मंशा से जोड़कर जांच का हिस्सा बनाया है। जांच में यह भी सामने आया कि माल खरीदने वाली बालाजी एंटरप्राइजेज ऐसी फर्मों से खरीद करती मिली, जिनका जीएसटी पंजीकरण पहले ही निरस्त हो चुका था।*

# केएम विश्वविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ

### कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया रक्तदान, 2100 दीपों से जगमगाया विश्वविद्यालय परिसर

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार शाम केएम विश्वविद्यालय परिसर में एक माह तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ हुआ। कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अभियान के पहले दिन को 'आशीर्वाद का दीया' थीम के तहत मनाया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और मेडिकल कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने परिसर में 2100 दीप जलाए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी कार्यकाल की कामना की गई। कार्यक्रम में कुलाधिपति किशन चौधरी ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को सामाजिक सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। एक व्यक्ति का रक्तदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचा सकता है। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कुलसचिव डॉ. पूरन सिंह ने कहा कि सेवा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### एअर इंडिया एक्सप्रेस...

इस विमान के मुख्य पायलट का टेस्ट पॉजिटिव आया था। एयर इंडिया अब अपने सभी पायलटों की प्रतिबंधित पदार्थों और दवाओं के लिए अतिरिक्त जांच कर रही है। यह स्क्रीनिंग ट्रेनिंग और पोस्ट-फ्लाइट के बाद की जाती है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलटों और अन्य कर्मचारियों से साइकोएक्टिव पदार्थों के इस्तेमाल या निर्भरता की जानकारी स्वेच्छा से देने की अपील की है। एयरलाइन के मुताबिक, ऐसी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और जरूरत के अनुसार मेडिकल, HR और फ्लाइट सेफ्टी अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी। पायलट्स के लिए अल्कोहल को लेकर डीजीसीए (DGCA) के नियम बेहद सख्त हैं। एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के नियम 24 के तहत, किसी भी पायलट या क्रू मेंबर को उड़ान से 12 घंटे पहले तक किसी भी तरह के मादक पदार्थ या अल्कोहल का सेवन करने की मनाही है। उड़ान के दौरान भी इसका सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। क्लास 2 मेडिकलः यह स्टूडेंट पायलट लाइसेंस (SPL) के लिए जरूरी है और फ्लाइट ट्रेनिंग शुरू करने से पहले अनिवार्य है।क्लास 1 मेडिकलः यह कमर्शियल पायलट लाइसेंस (CPL) और एयरलाइन पायलटों के लिए जरूरी है। इसमें शारीरिक, मानसिक, विजन, हियरिंग और हार्ट से जुड़ी जांच की जाती है। ब्रीथ-एनालाइजर टेस्टः फ्लाइट से पहले और लैंडिंग के बाद पायलटों का ब्रीथ-एनालाइजर टेस्ट किया जाता है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि पायलट के शरीर में अल्कोहल (शराब) का लेवल जीरो हो, क्योंकि एविएशन सेक्टर में इसे लेकर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाती है। साइकोएक्टिव सब्सटेंस (ड्रग) टेस्टः पायलटों के लिए नशीले पदार्थों या साइकोएक्टिव सब्सटेंस की जांच भी अनिवार्य है। इसके तहत रैंडम ड्रग टेस्टिंग की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पायलट किसी भी प्रतिबंधित दवा या नशीले पदार्थ के प्रभाव में नहीं हैं। टेस्ट और एक्शनः नमूने को दो हिस्सों में बांटा जाता है। स्क्रीनिंग टेस्ट 'नॉन-नेगेटिव' आने पर पायलट को तुरंत ड्यूटी से हटा दिया जाता है और दूसरे नमूने की पुष्टि के लिए लैब में जांच होती है पहली बार पॉजिटिवः कन्फर्मेटरी टेस्ट में पहली बार पॉजिटिव आने पर पायलट को रिहैब भेजा जाता है। दोबारा टेस्ट नेगेटिव और मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने तक वह उड़ान नहीं भर सकता बार-बार उल्लंघनः दूसरी बार पॉजिटिव पाए जाने पर लाइसेंस 3 साल तक निलंबित किया जा सकता है। तीसरी बार पॉजिटिव होने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है नौकरी से बर्खास्तगीः लाइसेंस रद्द होना रेगुलेटरी एक्शन है, जबकि नौकरी से बर्खास्तगी एयरलाइन की पॉलिसी पर निर्भर करता है।

### वोट चोरी के बाद अब ...

वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी - ये हमारे लोकतांत्रिक पतन के प्रतीक बन गए हैं। 21 जून 2022 को शिवसेना में उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे गुट अलग हुए थे। इसी तरह 2 जुलाई 2023 को NCP में शरद पवार और अजित पवार गुट अलग हुए थे। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपालः बीजेपी ने असंवैधानिक रूप से AITC के नाम और चुनाव चिह्न पर कब्जा कर लिया है। यह मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार की ओर से मोदी जी को देर रात दिया गया जन्मदिन का तोहफा है। चुनाव आयोग ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह बीजेपी के हाथों की कठपुतली के अलावा और कुछ नहीं है।' शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउतः इस पार्टी को ममता बनर्जी ने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के साथ बनाया था। तृणमूल कांग्रेस का राज्य और देश की राजनीति में अहम योगदान रहा है। जिस तरह शिवसेना बाला साहेब ठाकरे की पार्टी रही है, वैसे ही तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी है।' सपा नेता अखिलेश यादवः चुनाव आयोग लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के लिए फैसले ले तो उसके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और कुछ नहीं कहना है, बस इतना पूछना है कि हमारे द्वारा इलेक्शन कमीशन में जमा किये गये एफिडेविट मिले क्या?' दरअसल, आयोग ने गुरुवार को दिल्ली में दोनों गुटों के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए बुलाई थी। पार्टी में दो गुट हैं। एक का नेतृत्व ममता बनर्जी और दूसरे का अरूप रॉय कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि दोनों गुट खुद को असली पार्टी बता रहे हैं। इसलिए इलेक्शन सिम्बल्स ऑर्डर, 1968 के नियमों के तहत इस विवाद पर फैसला लिया जाएगा। फिलहाल सिंबल और नाम के इस्तेमाल पर रोक का आदेश जारी किया गया है। TMC के दोनों गुटों ने अपनी पसंद के नए नाम और चुनाव चिह्न दे दिए हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर 6 अक्टूबर को उपचुनाव हैं। दोनों गुटों ने एक ही चिह्न पर उम्मीदवार उतारे थे। ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी TMC धड़े से मोहम्मद एतेशामुल हक नंदीग्राम और सफीउद्दीन शेख रेजीनगर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पूर्व सीएम ममता बनर्जी की TMC ने रविवार को नंदीग्राम से संचिता प्रधान (डे) और रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी को उम्मीदवार घोषित किया था।

### एफसीआरए संशोधन ...

कि इससे विदेश से मिले फंड का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। बीजेपी के भर्तृहरि महताब, तेजस्वी सूर्या, कमलेश जांगड़े, मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल, निशिकांत दुबे, विष्णु दयाल राम, अनंत नायक और अरविंद धर्मपुरी समिति के सदस्य हैं। कांग्रेस के लोकसभा सदस्य एंटो एंटनी, कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस, मुहम्मद हमदुल्ला सईद और काली चरण मुंडा हैं। राज्यसभा से पैनल के अन्य सदस्यों में ज़िया उर रहमान (SP), कल्याण बनर्जी (TMC), ए राजा (DMK), लावू श्री कृष्ण देवरायालू (TDP), नरेश गणपत म्हस्के (शिव सेना), कौशलेंद्र कुमार (JD-U), सुप्रिया सुले (NCP-SP) और ई टी मोहम्मद बशीर (IUML) शामिल हैं। राज्यसभा से बीजेपी के सी सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला, उज्ज्वल देवराव निकम, अलका गुर्जर और सत पॉल शर्मा पैनल के सदस्य हैं। राज्यसभा से पैनल के अन्य सदस्यों में प्रफुल्ल पटेल (NCP), संजय कुमार झा (JD-U), क्रिस्टोफर माणिकम (कांग्रेस), मेनका गुरुस्वामी (TMC) और पी विल्सन (DMK) शामिल हैं। संयुक्त संसदीय समिति (JPC) एक अस्थायी समिति है, जिसका गठन संसद किसी विशेष बिल की गहन जांच करने या सार्वजनिक महत्व के जटिल मुद्दों (जैसे वित्तीय अनियमितताओं) की पड़ताल के लिए करती है।

### एयरफोर्स के ...

कार्यक्रम में HAL ने चार नए ध्रुव हेलिकॉप्टर पवन हंस लिमिटेड को सौंपे। राजनाथ हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में भी बैठे। HAL ने भारतीय वायुसेना को दो LCA FOC ट्रेनर विमान सौंप दिए। इससे FOC कॉन्ट्रैक्ट के तहत चार ट्विन-सीटर विमानों की डिलीवरी पूरी हो गई।

## 60 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता से 'नेट जीरो सरोजनीनगर' की ओर बढ़ा कदम

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र को ऊर्जा-कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में 'नेट जीरो सरोजनीनगर' की पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, हरित क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण को विकास योजनाओं से जोड़ा गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह के अनुसार क्षेत्र में 60 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित की जा चुकी है। सरोजनीनगर की 8 आरडब्ल्यूए में करीब 1.64 करोड़ रुपये की लागत से सामुदायिक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। वहीं 25.18 लाख रुपये की लागत से जोनल पार्क में सोलर पावर प्लांट लगाया गया है। क्षेत्र में 3 हजार से अधिक सौर स्ट्रीट लाइट और 200 से अधिक सौर स्ट्रीट मास्ट लगाए गए हैं। इनसे ग्रामीण क्षेत्रों, संपर्क मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

